सं-12016/05/2025-रा.भा.(क-2) -पार्ट
राजभाषा विभाग
(गृह मंत्रालय)

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 02 जुलाई, 2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय:** राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह. हैदराबाद के लिए **(राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए)** प्रवेश निमंत्रण पत्र का वितरण। .

जैसा कि विदित ही है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ''राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती'' समारोह का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम् के पश्चात अब 11 जुलाई, 2025 को हैदराबाद में भी किया जा रहा है। इस अवसर पर **राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों** को प्रवेश निमंत्रण पत्र का वितरण दिनांक 10 एवं 11 जुलाई, 2025 को **जीएमसी बालयोगी (GMC Balayogi) इंडोर स्टेडियम, गच्चीबावली, हैदराबाद** में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

| | |
|---|---|
| 10 जुलाई, 2025 | प्रात: 11.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक |
| 11 जुलाई, 2025 | प्रात: 07.30 बजे से प्रात: 09.00 बजे तक |

1. कृपया सुनिश्चित करें कि अंतिम दिन असुविधा से बचने के लिए, प्रवेश निमंत्रण पत्र 10 जुलाई, 2025 हो ही प्राप्त कर लिए जाएं। इसके लिए प्रतिभागी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
2. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको पंजीकरण संख्या प्रदान की गई है। निमंत्रण पत्र प्राप्त करने के लिए **कृपया इस पंजीकरण संख्या का प्रिंट आउट अपने सरकारी आई कार्ड के साथ लाएं।**
3. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी अन्य व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।
4. किसी भी जानकारी/अपडेट के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट- rajbhasha.gov.in को निरंतर देखते रहें, फोन न करें।

02/7/2025
(राजेश श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (नीति)

**सेवा में,**

सभी मंत्रालयों/विभागों/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।